तापमान
अधिकतम 10 .5 डिग्री
न्यूनतम 7 .2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 जनवरी, 2024

13 ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलवाई

12 केंद्र सरकार द्वारा परित कानून के विरोध में...


## खबर संक्षेप

### अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार, कोर्ट में पेश

**सोनीपत।** स्पैशल एंटी गैंगस्टर यूनिट सोनीपत पुलिस की तरफ से अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आनंद निवासी सरगथल का है। जांच अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गांव सरगथल की सीमा में मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो पिस्तौल बरामद हुआ।

### अतिथि अध्यापकों पर लाठीचार्ज की निंदा की

**गोहाना।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला सचिव नरेंद्र चहल ने कहा कि राज्य सरकार लोकतंत्र में विश्वास नहीं रखती है और लाठी-डंडों के बलबूते पर अतिथि शिक्षकों की आवाज दबाना चाहती है। यमुनानगर में अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अतिथि शिक्षकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया जो अति निंदनीय है। उन्होंने यह बात संघ के जिला रोहताश गंगाना के साथ गोहाना में पत्रकारों कही।

### गणतंत्र दिवस को लेकर पांच को होगी बैठक

**सोनीपत।** नगराधीश पूजा कुमारी ने बताया कि 26 जनवरी को होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर 05 जनवरी को प्रातः 10 बजे उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### फार्मासिस्टों से मांगें पूरी करने की मांग की

**गोहाना।** एसोसिएशन गवर्नमेंट फार्मासिस्ट ऑफ हरियाणा की गोहाना इकाई के फार्मासिस्टों ने राज्य सरकार से उनकी मांगों को पूरा करने की मांग की। फार्मासिस्टों ने जोखिम व मरीज देखभाल भत्ता और अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की। अनिल मोर, अमित, रमेश कुमार ने कहा कि फामेर्सी आफिसर वर्ग सरकार से अपनी लंबित मांगों को पूरा करने की मांग कर चुका है। सीएम के साथ एसो प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई थी।

### मंदिर में ताला तोड़कर चोरी की कोशिश, पकड़ा

**सोनीपत।** कामी रोड स्थित श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर में युवक ने ताला तोड़कर चोरी की कोशिश की। चोरी करने घुसे युवक को पुजारी ने मौके पर ही पकड़ लिया। मंदिर समिति के प्रधान प्रमोद गुप्ता ने सिविल लाइन थाना पुलिस को बताया कि मंगलवार तड़के तीन बजे एक युवक मंदिर के दरवाजे का ताला तोड़ रहा था। पुजारी हनुमान पाठक ने नींद से जाग गए। देखा तो युवक ताले पर हथौड़े से चोट कर रहा था।

### चोरी की वारदात में शामिल दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पुष्पेश निवासी खांडा का है। अदालत ने उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। सेक्टर-44 हालत में बहालगढ़ कंपनी डिलीवरी एडवाइजर अजय कुमार ने गत 1 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके मैनेजर में आपाताकालीन द्वार की सील टूटी हुई पाई। सीसीटीवी में दो लड़के कार में आते दिखाई दिए।

### संदिग्ध हालात में रोहणा का युवक लापता

**खरखौदा।** रोहणा गांव से युवक संदिग्ध हालात में लापता है। रोहणा निवासी योगेश्वर दहिया का कहना है कि उनका भतीजा अरुण (29) स्कूटी लेकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा है। अरुण की स्कूटी उन्हें गांव से गुजरने वाली नहर के पास खड़ी मिली है।

# टीबी मरीजों के लिए नागरिक अस्पताल में सीबी नेट मशीन स्थापित

## नागरिक अस्पताल में जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने रिबन काटकर किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के नागरिक अस्पताल में टीबी मरीजों के उपचार के लिए सीबी नेट मशीन स्थापित की गई है। जोकि जिले में टीबी से ग्रस्त आने वाले मरीजों के लिए बड़ी सौगात है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी की तरफ से मंगलवार को रिबन काटकर मशीन का उद्घाटन किया गया। हालांकि पहले अस्पताल परिसर में प्रबंधन के पास एक मशीन पहले मौजूद थी। परिसर में दूसरी मशीन स्थापित होने के चलते मरीजों की जांच करने में आसानी होगी। जिसका लाभ मरीजों को होगा वहीं समय की बचत के साथ समय रहते उपचार मिल सकेगा।

**मरीजों के साथ विभाग को मिली सौगात**
जिले में करीब 2000 से ज्यादा मरीजों का चल रहा उपचार
*बिगड़ी टीबी के विभाग के पास करीब 103 मरीज मौजूद*
मशीन के स्थापित होने से बढ़ जाएगी टेस्टों की संख्या




### अब समय की बचत होगी

जिले के नागरिक अस्पताल में दान में दी गई मशीन को परिसर में टीबी केंद्र पर स्थापित कर दिया गया है। विभाग के पास पहले भी एक मशीन थी। अब दो मशीन होने के चलते मरीजों के साथ-साथ कर्मचारियों को लाभ पहुंचेगें। ऐसे में समय की बचत हो पायेगी। एनआरआई की तरफ से काबिले तारीफ कदम उठाया गया है। जोकि आमजन की भलाई के लिए बेहत्तर साबित हो पायेगा।
डा. जय किशोर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।

### एनआरआई ने दी सौगात

मिली जानकारी के अनुसार विभाग के पास पहले भी एक मशीन मौजूद थी। जिससे हर रोज करीब 20 मरीजों का टेस्ट होता था। महीने भर में विभाग की तरफ से 400 मरीजों के टेस्ट होने के बाद उपचार प्रक्रिया शुरू कर दी जाती थी। वहीं मूल रूप से सोनीपत एनआरआई नरेश कपूर ने नागरिक अस्पताल सोनीपत को बड़ी सौगात दी है, यह मशीन 19 लाख रुपये कीमत की है। वहीं दूसरी एनआरआई की तरफ से अब तक टीबी से ग्रस्त हो चुकी करीब 10000 हजार मरीजों को गोद लिया हुआ है। जिनकी तरफ से विभाग को उक्त मशीन दी गई है। बता दें कि हाल में जिले में करीब 2000 टीबी के मरीज है। विभाग की तरफ से वर्ष 2023 में करीब 4000 हजार मरीजों की पहचान की थी। जिसमें बिगड़ी हुई टीबी के करीब 103 मरीज हाल में मौजूद है। जिनका उपचार दिया जा रहा है। सोमवार हुए कार्यक्रम के दौरान टीबी अधिकारी डा. तरूण यादव, डा. वंदना फौगाट, डा. संजू शर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## बदमाशों के हौसलें बुलंद, पुलिस विभाग के दावों की खुली पोल

# बीयर पीने से मना किया तो ढाबे पर तैनात कर्मियों पर बरसा दीं गोलियां

- निजी अस्पताल में ढाबे के घायल कर्मचारी को करवाया गया भर्ती
- ढाबे पर लगे सीसीटीवी में पत्थर व गोली चलाते कैद हुए युवक, पुलिस ने मौके से दो खोल किए बरामद
- कर्मचारियों ने युवकों का पीछा किया तो फिर से किया हवाई फायर, पुलिस टीमें युवकों की तलाश में जुटी
- एसीपी ने प्रेसवार्ता में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने का किया था दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नववर्ष के अवसर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित ढाबों पर सुरक्षा पुख्ता करने के इंतजामों की दावे करने वाली जिला पुलिस के दावों की पोल खुल गई। मुरथल थाना क्षेत्र स्थित ढाबे (हवेली) के कर्मचारियों ने एक लड़के को बीयर पीने से रोका तो उसने सारी हदें पार कर दी। कर्मचारियों के साथ झगड़ा करने के बाद ढाबे से निकला युवक अपने दोस्तों के साथ रात को ढाबे पर पहुंचा। जहां ढाबा कर्मचारियों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दिया। कर्मचारियों पर पत्थर फेंके गए। वारदात के दौरान ढाबा कर्मचारी गोली लगने से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने ढाबा सुपरवाइजर के बयान पर युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जल्द से जल्द संदिग्धों को गिरफ्तार करने का ढोल पीट रही है।


सोनीपत। जीटी रोड पर स्थित ढाबा। फोटो : हरिभूमि

### सीसीटीवी को कब्जे में ले लिया



ढाबे पर बीयर पीने से मना करने को लेकर हुई कहासुनी में तोड़फोड़ करने व गोली मारकर कर्मचारी को घायल करने की शिकायत मिली है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी को कब्जे में ले लिया है। जिसके आधार पर युवकों की तलाश के प्रयास किए जा रहे है। जल्द से जल्द हमलावरों का पता लगाकर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
बिजेंद्र सिंह, कार्यकारी प्रभारी मुरथल थाना।


जान बचाकर भागते कर्मी व बाहर जाते समय हवाई फायर करते हुए हमलावर सीसीटीवी में हुआ कैद।

### सीसीटीवी में कैद वारदात

ईंट-पत्थर व हथियार के साथ ढाबे पर पहुंचे युवकों ने अंदर घुसते ही स्टाप की तरफ ईंटे फेंकनी शुरू कर दी। उसके बाद हथियार लिए युवक ने गोली चला दी। एक के बाद एक कर दो गोलियां चलाने की वारदात ढाबे पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। युवक हथियार के बल पर ढाबे पर उत्पात मचाते नजर आ रहे है। पुलिस की तरफ से सीसीटीवी को कब्जे में लिया गया है।

### अल सुहह ढाबे के मेन गेट के आगे के सामान की तोड़ फोड़ करने लगे

गांव सांदल कलां निवासी बिजेंद्र ने बताया कि वह जीटी रोड भिगान के पास स्थित ढाबे (हवेली) पर बतौर सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। वह नववर्ष एक जनवरी 2024 को ढाबे पर डयूटी पर तैनात था। रात करीब 11.30 बजे ढाबे पर 2-3 लड़के व दो लड़कियां आई हुई थी। जिनमें से एक युवक बीयर पी रहा था। कर्मचारियों ने उसे ऐसा करने से मना किया तो लड़के झगड़ा करने लगे। मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल की तो एक लड़के ने देख लेने की धमकी दी। उसके बाद कार में बैठकर फरार हो गए। अल सुबह दो जनवरी को करीब 2.45 बजे वहीं लड़के अपने 6-7 दोस्तों के साथ ढाबे पर आए। ढाबे के मैन गेट के आगे के सामान की तोड़ फोड़ करने लगे। उसके बाद तीन लड़के अंदर आए। जिस लड़के को ढाबे पर बीयर पीने से मना किया था। वह लड़काहाथ में पत्थर व दूसरे हाथ में ईंट लेकर अंदर पहुंचा। जबकि तीसरे लड़के के हाथ में पिस्तौल थी। ढाबे पर तैनात कर्मचारियों को गाली देते हुए पत्थर व ईंट फेंकना शुरू कर दी। हथियार लेकर आए युवक ने जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। एक के बाद एक दो गोलियां चलाई, जोकि उसके पैर में जा लगी। उसके बाद सभी लड़के जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसके बाद कर्मचारियों ने पीछा किया तो बाहर निकले के बाद फिर से हवाई फायर किया। उसके बाद कार में बैठक फरार हो गए। साथ कर्मचारियों ने मामले को लेकर ढाबा संचालक को अवगत करवाया। उसके बाद घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल में लाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले को लेकर कर्मचारी ने डायल-112 पर कॉल कर सूचना दी।

### तैनाती पर उठे सवाल

पुलिस विभाग की तरफ से एसीपी राहुल देव ने नववर्ष को मीडिया के सामने जीटी रोड पर स्थित ढाबों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के दावे किए थे। उन्होंने ढाबों पर हुड़दंग मचाने वालों पर पैनी नजर रखे जाने व पुलिस टीमों की तैनाती की बात कही थी। भिगान के पास ढाबे पर चली एक के बाद एक गोलियों ने पुलिस विभाग की पैनी नजर व सुरक्षा को लेकर की चाक-चौबंद व्यवस्था को धत्ता बता दिया। ऐसे में ढाबों पर नववर्ष के अवसर पर खाना-खाने जाने वाले लोगों के लिए किस प्रकार की व्यवस्था के इंतजाम पुलिस करती है, ढाबे पर हुई घटना न उसकी पोल खोलकर रख दी।


सोनीपत। पंप पर तेल डलवाते लोग। फोटो : हरिभूमि

# पेट्रोल पंप पर नहीं हो पा रही पेट्रोल-डीजल की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिट एंड रन के चलते ट्रांसपोर्ट हड़ताल के चलते जहां दो दिन से पेट्रोल-डीजल के चलते लोग परेशान थे वहीं देर रात ट्रांसपोर्ट संगठन और सरकार के बीच हुई बातचीत के बाद ट्रक आपरेटरों ने हड़ताल वापस ले ली। पेट्रोल पंपों पर हड़ताल के चलते तेल खत्म होने की संभावनाएं बढ़ती जा रही है। जिले में पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन प्रधान ने भी चिंता जाहिर की है। ट्रांसपोर्ट हड़ताल के चलते किसी भी पेट्रोल पंप पंप पर पेट्रोल-डीजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। आगामी दिनों में हड़ताल आगे बढ़ती है तो पेट्रोल और डीजल की किल्लत उत्पन्न हो जाएगी।

बता दें कि सोनीपत में हिट एंड रन कानून का लगातार विरोध हो रहा है। चालक हड़ताल चलते ट्रक चालक भी कानून का जमकर विरोध कर रहे हैं। ट्रांसपोर्ट हड़ताल के कारण असर पेट्रोल पंप पर जा पहुंचा है।

**देर रात खत्म हो गई हड़ताल**
**पेट्रोल पंप संगठन प्रधान ने जाहिर की थी चिंता**

जानकारी के मुताबिक सोनीपत जिले में करीबन 200 पेट्रोल पंप है। जहां पेट्रोल पंप से प्रतिदिन वाहन चालक पेट्रोल और डीजल खरीदते है।

### जिले में 200 पेट्रोल पंप

पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के प्रधान परविंदर खत्री नेट ट्रांसपोर्ट हड़ताल को लेकर कहा है जिले में 200 पेट्रोल पंप पर ट्रांसपोर्ट की गाड़ियां तेल लेकर आती है। पिछले तीन दिन से लगातार गाड़ियां ना आने के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। पेट्रोल पंप पर लगभग तेल खत्म होने वाला है। वही आज के इस युग में पेट्रोल और डीजल महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

## गाय को पकड़ने के दौरान फंदा लगने से मौत के बाद दो लोगों पर मामला दर्ज

**गन्नौर।** जी टी रोड स्थित अर्न्तराष्ट्रीय सब्जी मंडी में घुम रही गाय के गले में रस्सी बांधकर गाड़ी में जबरदस्ती चढ़ाते समय फंदा लगने से मौत होने का आरोप लगाते हुए गौ रक्षा दल के सदस्य की शिकायत पर पुलिस ने गाय की मौत का बड़ी गांव के युवक के खिलाफ मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। बड़ी थाना पुलिस को दी शिकायत गौ रक्षा दल के सदस्य अगवानपुर गांव निवासी रवि ने बताया कि मुझे कम्पनी के सिकोरटी गार्ड घसौली निवासी आन्नद ने मुझे फोन करके सूचना दी कि सब्जी मंडी में घुम रही गाय को अमित व अरूण गांव बड़ी निवासी गाय के साथ जबरदस्ती करते हुए गाय के गले मे पलास्टिक की रस्सी बांध कर ले जा रहे थे, आरोप है कि जब गाय उनके साथ नही नही चली दो- तीन व्यक्ति बांधकर एक पिकप बैलेरो गाड़ी में खिचने लगे तो गाय को फंदा लगकर उसकी मौत हो गई। पीछे एक गाय को बांध कर दो तीन व्यक्ति गाय को खींच कर ले जा रहे थे जिसकी पिकअप से खीचने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने शिकायत के बाद गौ वंश अधिनियम के तहत मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। जांच अधिकारी सब इंस्पैक्टर मुकेश ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मंडी में गाय को मौत हो गई है।

## स्लोगन प्रतियोगिता से दिया स्वच्छता का संदेश



### एनएसएस शिविर के दूसरे दिन छात्राओं ने लिखे स्लोगन, बनाए पोस्टर

**गोहाना।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आयोजित एनएसएस शिविर के दूसरे दिन छात्राओं के लिए स्लोगन लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई। प्रतियोगिताओं से छात्राओं ने स्वच्छता और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। संयोजन कार्यक्रम अधिकारी ममता देवी व अंजू सांगवान का रहा। दूसरे दिन शिविर की शुरूआत योगाभ्यास के साथ हुई। इसके बाद स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल इंडिया विषयों पर स्लोगन लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई। कार्यक्रम में एडवोकेट हिमानी मलिक ने छात्राओं को साइबर क्राइम, बाल विवाह और बेटा-बेटी को समान अधिकार व महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों की जानकारी दी।

## मंडी के कमीशन एजेंट ने फर्म के मालिक पर 21.77 लाख नहीं देने का आरोप लगाया

सोनीपत। अनाज मंडी के कमीशन एजेंट ने दिल्ली की फर्म के मालिक पर धान खरीदकर ले जाने व बकाया 21.77 लाख रुपये नहीं देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने अमानत में खयानत व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गोकुल भवन अनाज मंडी निवासी विनित अग्रवाल ने सदर थाना पुलिस को बताया कि वह नई अनाज मंडी में कमीशन एजेंट हैं और धान खरीदकर बेचते हैं। उनके पास सितंबर, 2021 में दिल्ली की पीतमपुरा स्थित फर्म के मालिक केशव आए थे। वह झज्जर के बहादुरगढ़ स्थित सेक्टर-15 के रहने वाले हैं। उनके साथ उन्होंने धान का व्यापार किया। जिससे उनका लेन-देन हो जाता था। वह उन पर विश्वास करने लगे। सितंबर, 2022 में वह आए और कहा कि उन्होंने करनाल में मेरठ रोड पर राइस यूनिट हिस्सेदारी में खरीद लिया है। धान से चावल निकालने का काम शुरू कर दिया है। उसने उनके साथ धान खरीदने की बात कही। जिस पर उन्होंने धान बेचना शुरू कर दिया। आरोपी अलग-अलग समय में उनसे करीब 36.63 लाख का धान लेकर गया। उसकी मार्केट फीस भी उन्होंने स्वयं ही दी। आरोपी ने तीन बार में पांच-पांच लाख रकर 15 लाख वापस कर दिए। बाकी करीब 21.77 लाख देने को टालमटोल करता रहा। वह करनाल स्थित यूनिट में गए तो वहां पर राइस यूनिट का प्रोपराइटर नत्थूराम भी मिला।

**विमोचन** देश को विकसित राष्ट्र बनाने के कदम में विश्वविद्यालय की अहम भूमिका रहेगी


# कुलाधिपति दत्तात्रेय ने अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विवि के कैलेंडर का किया विमोचन

## राज्यपाल विधि विवि की कुलपति को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नववर्ष के अवसर पर डाबीआर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन राजभवन चंडीगढ़ में मंगलवार को कुलाधिपति और राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने किया।

इस मौके पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विधि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अर्चना मिश्रा के साथ-साथ सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि विकसित भारत मिशन पर कार्य कर 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है।


सोनीपत। राजभवन चंडीगढ़ में कैलेंडर का विमोचन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। फोटो : हरिभूमि

### 2024 में विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयां छुएगा : कुलपति डॉ. अर्चना मिश्रा

देश को विकसित राष्ट्र बनाने के कदम में अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय की अहम भूमिका रहेगी। विधि के क्षेत्र में विधि विश्वविद्यालय न्याय परक और रोजगार परक शिक्षा देकर समाज में न्याय प्रतिस्थापित करेगा। समाज को मानवाधिकार व अन्य नियमों के प्रति जागरूक करने का काम करेगा। विश्वविद्यालय विधि क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देकर समाज और प्रशासन में न्याय सुधार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आम लोगों को सुलभ न्याय की सोच के साथ कार्य करे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अर्चना मिश्रा ने विश्वविद्यालय परिवार की तरफ से राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कुलपति डॉ. अर्चना मिश्रा ने कहा कि नववर्ष सभी के लिए सुख, शांति, समृद्धि के साथ नई उमंग एवं उल्लास लेकर लाए. नववर्ष में हम सब विकसित भारत के निर्माण के लिए कार्य करेंगे। हमारे सामूहिक प्रयास व दृष्टिकोण देश को एक मजबूत एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने में मजबूत कदम होगा। हम न्याय परक शिक्षा देकर समाज में न्याय प्रतिस्थापित करने के संकल्प के साथ कार्य करेंगे। प्रो मिश्रा ने कहा नववर्ष 2024 में विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयां छुएगा। उन्होंने विश्वविद्यालय की तरक्की के लिए सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों की प्रशंसा की है।

# मासिक मीटिंग को लेकर बैठक


सोनीपत। बैठक के बाद रोष-प्रदर्शन करते पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय किसान पंचायत की मासिक मीटिंग नफे सिंह मालिक माहरा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कई मांगों पर चर्चा हुई। जिनमें वर्ष 2023 साल का बाजरे की भवांतर योजना का पैसा किसानों के खाते में अभी तक नहीं आया है। फसलों की सिंचाई के लिए सभी राजभाया की सफाई करवाई जाए। साल 2023 के मेरा पानी मेरी विरासत योजना के प्रति एकड़ 7000 रु किसानो के खाते में अभी तक नही भेजे गए है। जल्दी से जल्दी सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जल्दी से जल्दी किसानो के खाते में योजना की रासी भेजे। गड्डी - सिसाना माइनर की सफाई व पानी बारे एस ई को ज्ञापन दिया। आम जन के परिवार पहचान पत्रों में जो इनकम नाजायज तरीके से दर्ज की गई है। उन त्रुटियों का बिना किसी परेशानी के सही किया जाए। ताकि आमजन को ज्यादा धक्के ना खाने पड़े। मौके पर नागेन्द्र, देवेन्द्र , रमेश, शीशपाल, नफे सिंह, सचिन आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पानीपत में भगवा यात्रा में उत्पात की चेष्टा

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली में नव वर्ष व अयोध्या स्थापना के उपलक्ष में भगवा यात्रा निकाली गई। इस दौरान क्षेत्र के एक समुदाय विशेष का धार्मिक स्थल भी आया। जहां युवकों ने डीजे, टैक्टरों के स्पीकरों पर ऊंची आवाज में धार्मिक गाने बजाए। इतना ही नहीं यहां भगवे रंग के धार्मिक झंडे को भी लगातार फहराया गया। जिसकी स्थानीय लोगों ने वीडियो भी बना ली।

### पांच को वीआईपी नम्बरों की होगी खुली बोली

**करनाल।** एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने बताया कि करनाल अथॉरिटी में बी.के. सीरीज समाप्त हो चुकी है। आगामी 5 जनवरी 2024 को बीएल की सीरीज प्रारम्भ की जा रही है। उन्होंने बताया कि वीआईपी नम्बरों की खुली बोली 5 जनवरी को की जाएगी। जो भी व्यक्ति वीआईपी या अन्य नंबरों की बोली देना चाहता है वह उक्त तिथि को प्रातः 10 बजे एसडीएम करनाल कार्यालय में उपस्थित होकर बोली दे सकते है।

### मकान के ताले तोड़कर जेवरात व रुपये उड़ाए

**घरौंडा।** गांव शेखपुरा खालसा में एक्र मकान के ताले तोड़कर सोने के जेवरात व लगभग 22 हजार रुपये की नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है । मकान मालिक शेखपुरा खालसा निवासी रामनिवास ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

### किशोरी से दुराचार करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र में किशोरी से दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप कुमार को गिरफ्तार किया है। किशोरी की मां ने 1 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 दिसंबर 2023 को आरोपी दलीप ने उसकी 13 वर्षीय पुत्री से दुराचार करने का अपराधिक कार्य किया है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, दिन भर नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले कई दिन से जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा पड़ने व आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने का प्रकोप नव वर्ष के दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को भी जिले में दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, बुजुर्ग व लोग बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। वहीं, जिले के तापमान में भी दिनों दिन गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी अगले एक सप्ताह तक मौसम में और ज्यादा ठंड बढ़ने की उम्मीद है।

■ आसमान में दिन भर छाए रहे धुंध के बादल और चलती रही शीतलहर



यमुनानगर। मंगलवार को मौसम में ठंडक बढ़ने से अलाव जलाकर सेंकते हुए लोग व आसमान में छाए हुए धुंध के बादल।

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गुप्ता ने छोटे बच्चों के खान पान में ऐहतियात बरतने व उन्हें उबला हुआ पानी पीने को देने की सलाह दी। उधर, ठंड बढ़ने से पशु भी बीमार होने लगे हैं। जिन्हें हीट देकर किसी तरह ठंड से राहत दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### तापमान में आई गिरावट

जिले मंगलवार को तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। इस दौरन जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान घटकर 6 डिग्री सेल्सियस रह गया।

### अलाव पर सेंककर निपटा रहे काम धंधे

मंगलवार को भी सुबह के वक्त जिले में घना कोहरा छाया रहने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। अधिकांश लोग घरों में ही दुबकने को मजबूर हो गए। इस दौरान लोगों को उम्मीद थी कि दोपहर तक कोहरा छंट जाएगा और सूर्य देव के दर्शन होंगे। मगर दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। दोपहर तक कोहरा तो कुछ कम हुआ । मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीतलहर चलने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। लोगों ने किसी तरह अलाव जलाकर अपने कामधंधे निपटाए। मजदूरों का तो कड़ाके की ठंड में और भी बूरा हाल हो रहा है। मंगलवार को अलाव पर सेंक रहे मजदूर सूरता राम व गोपाल का कहना था कि वह मजदूरी करके अपने बच्चों का पेट पाल रहे हैं। यदि मजदूरी नहीं करेंगे तो उनके यहां भोजन के लाले पड़ जाएंगे। मजबूरी है उन्हें हाड़ गलाने वाली ठंड में भी मजदूरी करनी ही पड़ती है। ठंड से राहत पाने के लिए वह कुछ देर अलाव जलाकर हाथ सेंक लेते हैं और फिर काम पर लग जाते हैं। वहीं, दुकानदार भी हीटर पर सेंककर ग्राहकों की दिन भर दुकानों पर बैठकर बाट जोहने को मजबूर हैं। पिछले कई दिन से बाजारों में ग्राहकों की आवक भी कम दिखाई दे रही है।

# पानीपत के गांव नारा में ग्रामीण की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव नारा में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मतलौडा थाना पुलिस को दी शिकायत में शमशेर निवासी गांव जोशी जिला पानीपत ने बताया कि एक जनवरी की सुबह करीब 11 बजे उसके चाचा राजीव उर्फ खुशीराम गांव में स्थित अपनी किरयाना की दुकान में बैठा हुआ था। हालांकि दुकान उसने किसी को किराए पर दी हुई है। इसी दौरान दुकान पर काला और धर्मा निवासी गांव नारा अपनी बाइक पर सवार होकर आए। उन्होंने राजीव को अपनी बाइक पर बैठाया व वहां से गांव नारा की ओर शराब ठेका पर ले गए। जहां से उन्होंने शराब ली। इसके बाद बाइक को काला चला रहा था। बीच में राजीव को बैठाया व पीछे धर्मा पीछे सवार हो गया। तीनों वहां से गांव नारा स्थित सुरजीत के खेत में बने कोठा ट्यूबवेल पर चले गए। जिसे राम मेहर ने ठेके पर लिया हुआ है। जहां राजीव को राम मेहर, धर्मा व काला ने मिलकर शराब पिलाई। इसके बाद तीनों की आपस में कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर राजीव की हत्या कर ट्यूबवेल की पानी से भरे हौद में डालकर फरार हो गए। शाम करीब साढे छह बजे परिजनों को शव पड़ा होने के बारे में पता लगा। परिजनों की सूचना पर थाना मतलौडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव की जांच की। पुलिस ने एफ एस एल की टीम से भी घटना स्थल शव की जांच कराई।

■ आरोपी हत्या कर शव को ट्यूबवेल की पानी से भरे हौद में डालकर फरार हो गए

वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजीव का शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने राजीव की हत्या के आरोप में राम मेहरए धर्माए और काला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जलधारा तपस्या के समापन पर भंड़ारे का आयोजन

**समालखा।** कड़ाके की ठंड मे कई बार एक माह तक 108 मटकों की जलधारा की तपस्या पूर्ण कर चुके श्री धूणा गोरख नाथ मंदिर देहरा के भगत विनोद नाथ द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस बार भी नये साल के मौके पर सोमवार को सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन.यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगत विनोद नाथ ने नाथ समप्रदाय की उत्पति एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरू रामनाथ व नफे सिंह रामनाथ के मार्गदर्शन में उनकी तपस्या पूर्ण हुई हैं। हवन.यज्ञ के उपरांत अटूट भंडारे का भी आयोजन किया गया तथा मंदिर की ओर से 216 महिलाओं व 50 पुरूषों गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल आदि गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस मौके पर संजय सैनी, आनन्द, ओमप्रकाश, रणधीर पावटी, रमेश डिकाडला, संदीप, कप्तान कैथल आदि थे।

■ सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन.यज्ञ का आयोजन किया गया

# जनहित तक पहुंचाएं सरकार की योजनाएं : ढांडा

## राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने किया यमुनानगर शहर का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने मंगलवार को नगर निगम यमुनानगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। कई स्थानों पर बारीकी से जांच की। जांच में सब कुछ ठीक पाया। उन्होंने शहर की उचित सफाई व्यवस्था मिलने पर मेयर मदन चौहान व निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के कार्य की सराहना की। साथ ही निगम अधिकारियों की पीठ थपथपाई।

मंगलवार को हरियाणा महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने नगर निगम यमुनानगर के क्षेत्र में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं जांची। इसके बाद राज्यमंत्री काफिले के साथ अचानक नगर निगम कार्यालय पहुंची। मंत्री को देखकर अधिकारी व कर्मचारी हैरान रह गए। सबसे पहले मंत्री नगर निगम के परिवार पहचान पत्र डेस्क पर गई। यहां तैनात कर्मचारी सिद्धार्थ, अंकिता व अन्य से विस्तार से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि परिवार पहचान पत्र में किसी तरह की कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। कर्मचारियों ने उन्हें परिवार पहचान पत्र बनाने की कार्यप्रणाली व वर्क रिपोर्ट के बारे में अवगत कराया।

मौके पर राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने अपने कार्य के लिए आए लोगों से भी बातचीत की। आजाद नगर के मुकेश कुमार, ग्रीन पार्क के बलदेव कुमार, महिला नीलम से बातचीत की। इस दौरान मेयर मदन चौहान ने मंत्री को बताया कि नगर निगम यमुनानगर में शहरवासियों की सुविधा के लिए विशेष हेल्प डेस्क शुरू कराया गया है। एक ही छत के नीचे शहरवासियों को परिवार पहचान पत्र, परिवार पहचान पत्र में आय, जाति,नाम, मोबाइल नंबर आदि तस्दीक एक ही डेस्क पर हो रही है। यह डेस्क प्रदेश के नगर निगमों की पहला डेस्क है। इससे पहले शहरवासियों को इस संबंध में अलग अलग विंग में जाना पड़ता था। इस बारे में वे मुख्यमंत्री से बात करेंगी ताकि प्रदेश के अन्य नगर निगम कार्यालयों में भी इस तरह की सुविधा की जाए। यहां से मंत्री ढांडा नागरिक सुविधा केंद्र में पहुंची।


यमुनानगर में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करती हुई राज्यमंत्री कमलेश ढांडा।

### अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने नगर निगम कार्यालय में निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी को मिलना चाहिए। मौके पर नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, महामंत्री कृष्ण सिंगला, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा, उप निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त डा. विजय पाल यादव, अधीक्षण अभियंता हेमंत कुमार, एक्सईएन विकास धीमान व अन्य मौजूद रहें।

# जीजा ने किया नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म

## गर्भवती होने पर हुआ मामले का खुलासा

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

जगाधरी की एक कॉलोनी में जीजा ने अपनी नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म किया। जब लड़की पांच माह की गर्भवती हुई तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदातल में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लड़की के मामा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जगाधरी की एक कॉलोनी में रहता है। उनके पास ही उसकी बहन अपने बच्चों के साथ रहती है। उसने अपनी बड़ी भांजी की शादी गगन के साथ की थी।

■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर किया गिरफ्तार

कुछ दिन पहले उसकी छोटी 17 वर्षीय भांजी के पेट में दर्द हुआ। जब वह उसे डॉक्टर के पास लेकर गए तो पता चला कि वह पांच माह की गर्भवती है। जब उन्होंने अपनी भांजी से पूछा तो उसने बताया कि उसके जीजा गगन ने पांच माह पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था।

उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी गगन के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा का कुवि में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमारी एकता के अंदर विविधताएं छिपी हुई हैं। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना कश्मीर हो या हरियाणा हम सभी को एक सूत्र में बांधती है। हाल ही में जी-20 की अध्यक्षता का ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम द्वारा पूरे विश्व को एक परिवार माना गया। वे मंगलवार को सीनेट हॉल में मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. गुरचरण सिंह व कुंटिया प्रधान रजवंत कौर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पूरे भारतवर्ष की भावना है कि हम सभी एक हैं उसी एकता में ही विविधता है और यही हमारी संस्कृति की विशेषता विश्व में हमें विशेष स्थान दिलाती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक यात्रा का उद्देश्य नारी को सम्मान यह हमारी संस्कृति में निहित है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कहा कि इस तरह सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है।

■ सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है


कुरुक्षेत्र। यात्रा में शामिल सदस्यों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### 100 विद्यार्थियों का दल विश्वविद्यालय में पहुंचा

युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय एकता मिशन को लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी जाने वाला लगभग 100 विद्यार्थियों का यह दल आज विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचा है। मंच का संचालन डॉ. आबिद अली ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. डीएस राणा, कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. वीरेन्द्र पॉल, डॉ. गुरचरण सिंह, विकास बतान, डॉ. सुशील टाया, कुंटिया प्रधान रजवंत कौर, डॉ. हरविन्द्र राणा, रविन्द्र तोमर सहित एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थी मौजूद थे।

# चेयरमैनी दिलवाने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी मामले का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ की धोखाधडी करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की टीम ने खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में चैन सिंह गौतम पुत्र मंगत राम वासी रतपुरा कॉलोनी पिंजोर जिला पंचकूला को गिरफ्तार किया है। शिकायत में हरबीर सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी रतनगढ़ थाना शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसका करनाल वासी रोशन शर्मा के घर आना-जाना था। जिसने उसे कहा कि हम आपको हम हरियाणा सरकार में खादी ग्राम आयोग की चैयरमैनशीप वा हरियाणा सरकार में आरो वॉटर सिस्टम का टेंडर दिलवा देंगे तथा हरियाणा सरकार के उच्च अधिकारियों से आपकी मुलाकात भी करवा देंगे। जिसपर रोशन शर्मा ने शाहाबाद के अमन हॉटल में उसकी मुलाकात व बारु राम, चैन सिंह गोतम, मीना देवी व उमेश कुमार से करवाई।

■ खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर की धोखाधड़ी

### अलग-अलग तारीखों में रुपये आरोपियों को दिए

गोतम ने अपने आप को चीफ अंडर सैक्रेट्री हरियाणा सरकार बताया। जिन्होंने खादी ग्रामीण आयोग की चैयरमेनी के लिए दो करोड़ रुपये तथा हरियाणा आरों वॉटर सिस्टम टेंडर दिलवाने के लिए 75 लाख रुपये टोकन मनी के रूप में एडवास देने की मांग की। उसने उनपर विश्वास करके चेयरमैनी, टेंडर दिलवाने तथा रिश्तेदारों को नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग तारीखों 1 करोड़ 51 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए।


अंबाला। गन्ने की होली जलाते धरनारत किसान। फोटो : हरिभूमि

### किसानों ने गन्ने की होली जलाकर जताया विरोध

नारायणगढ़। गन्ना मिल की कुर्की व किसानों के बकाया के मुद्दे पर किसानों का धरना निरंतर चल रहा है। एसडीएम ऑफिस पर कड़ाके की ठंड के बावजूद मंगलवार को भी भारी संख्या में किसान धरने पर डटे रहे। किसानों का कहना है कि सरकार और प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रही। अगर मिल नीलाम होता है तो गन्ना किसानों के बकाया और जो गन्ना उन्होंने मिल को दिया उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। सरकार और प्रशासन के रवैया से नाराज किसानों ने मंगलवार को गन्ने की होली जलाने का निर्णय लिया। सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए किसानों ने एसडीएम दफ्तर के सामने गन्ने की होली जलाई। शहीद भगत सिंह भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष विक्रम राणा ने कहा की सरकार और प्रशासन अपनी जिम्मेवारी से भाग रहे हैं। अगर किसानों का पैसा दिलवाने की जिम्मेदारी प्रशासन की नहीं है तो फिर सरकार और प्रशासन की जरूरत क्या है? मजबूरी में किसान अपनी फसल की होली जला रहे हैं। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने कहा की यह मजबूरी किसानों की है कि एक साल तक जिस फसल को वह अपने बच्चों की तरह पालता है उसकी वह होली जला रहा है। किसानों ने मजबूरी में अपनी फसल की होली जलाई क्योंकि सरकार और प्रशासन के रवैया से ऐसे हालात पैदा हो गए । अगर किसान अपनी फसल को मिल में लेकर जाता है और उसको पैसा नहीं मिलता तो ढुलाई और मिल तक पहुंचाने का खर्च भी उसको घर से करना पड़ता है। ऐसे में बेहतर है कि किसान अपने बच्चों की तरह पाली हुई फसल को आग ही लगा दें। मिल अगर नीलाम होती है तो किसानों के पैसे की जिम्मेदारी जो कानूनन प्रशासन और सरकार की है। उस जिम्मेवारी को भी लेने से सरकार और प्रशासन पल्ला झाड़ रहे हैं।

## प्रदेश सरकार ने जनवरी 2024 से वृद्धा सम्मान भत्ता में की बढ़ोतरी : विस अध्यक्ष

# अब लाभार्थियों को पेंशन के रूप में प्रति माह मिलेंगे 3 हजार रुपये

■ गांव फतेहपुर के सामुदायिक केंद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वृद्धा सम्मान भत्ता योजना को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा गया है। परिवार पहचान पत्र के अनुसार व्यक्ति की आयु 60 वर्ष होते ही आटोमोड में लाभार्थी की पैंशन स्वतः ही बन जाती है और उसे कार्यालय में जाने की आवश्यकता नही पड़ती। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा वृद्धा सम्मान भत्ता योजना के तहत मिलने वाली राशि को जनवरी 2024 से 2750 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया है।

गुप्ता आज गांव फतेहपुर के सामुदायिक केंद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल और नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता भी मौजूद रहे।

गुप्ता ने कहा कि वृद्धा सम्मान भत्ता योजना के साथ साथ अन्य सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि को भी बढाकर 3000 रुपये प्रतिमाह किया गया है। इस मौके पर गुप्ता ने वृद्धा सम्मान भत्ता योजना के लाभार्थियों दिलीप सिंह, ईश्वर चंद और रानी देवी, लाडली पैंशन योजना की लाभार्थी कौशल्या और विधवा पैंशन योजना की लाभार्थी लीलावती को पैंशन सर्टिफिकेट वितरित किए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि केद्र और राज्य सरकार द्वारा गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं लागू की गई है। गरीब माताओं, बहनों को चुल्हें पर भोजन पकाते समय निकलने वाले धुएं से परेशानी का सामना न करना पडे इसके लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना शुरू की गई। इस योजना के तहत देश में 13 करोड लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर और चूल्हे की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस मौके पर गुप्ता ने योजना की 2 लाभार्थी रूबी और गीता को सिलेंडर और चूल्हा भेंट किया। उन्होने लोगों से आहवाहन किया कि कोई भी पात्र लाभार्थी विकसित भारत योजना के तहत संबंधित विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर जाकर अपना पंजीकरण करवाकर सुंविधा का लाभ ले सकता है।

गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और यह तभी पूरा हो सकता है जब पंक्ति में खडे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसी उदेश्य की पूर्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाडी प्रत्येक गांव और वार्ड में जाकर लोगो को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रही है।

इसके अलावा सरकार आपके द्वार अवधारणा के तहत विभिन्न विभागों द्वारा स्टालस लगाकर लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने में आ रही समस्याओं के समाधान करने के साथ साथ उन्हें मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा रहा है ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

### सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रहा योजनाओं का लाभ

गुप्ता ने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति पैसे के अभाव में ईलाज से वंचित न रहे, इसके लिए आयुष्मान योजना लागू की गई। इस योजना के तहत गरीब और बीपीएल परिवार के लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों में सालाना 5 लाख रूप्ये तक की निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस योजना के तहत देश में 40 करोड लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। उन्होने कहा कि जन- धन योजना के तहत देश में करोडो लोगों के बैंक अकाउंट खोले गए। विपक्ष द्वारा कहा गया था कि अकाउंट तो खोल दिए गए पर पैसा कंहा से आएगा। गुप्ता ने कहा कि पूर्व की सरकारों में योजनाओं के तहत पूरी राशि लाभार्थियों तक नही पहुंच पाती थी, परंतु आज सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना, किसान सम्मान निधि सहित अनेकों योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है,

### विकसित भारत की शपथ दिलवाई

इस मौके पर गुप्ता ने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृठ प्रर्दशन करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होने आयुष्मान योजना के तहत 2 लाभार्थियों सुमन और प्रोमिला को योजना के सर्टिफिकेट वितरित किए। उन्होने उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त रिचा राठी, जिला परिषद के सीईओ गगनदीप सिंह, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजिता मेहता, पार्षद हरेंद्र मलिक, जय कौशिक, सुनित सिंगला, सुशील गर्ग, यात्रा के जिला सयोजक राजेंद्र नौनीवाल और एसपी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कुलदीप तिवाणा, युवराज कौशिक के अलावा गौतम प्रसाद, अशोक वालिया, शंभुनाथ, दीपक शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 15 तक करे आवेदन

**सोनीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान एसएमएएम व एनएफएसएम स्कीम के तहत 40 से 50 प्रतिशत अनुदान राशि के लिए तीन और कृषि यंत्र जोड़े गए है। बताया कि अब व्यक्तिगत श्रेणी के किसान रोटावेटर सहित 32 कृषि यंत्रों के लिए 15 जनवरी तक किसान कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ0 पवन शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के बाद यदि आवेदन निदेशालय द्वारा तय लक्ष्य से ज्यादा आते है तो कृषि यंत्रो का चयन उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला कार्यकारी कमेटी द्वारा ड्रा के माध्यम से किया जाएगा।

### बैठक कर एसोसिएशन ने रखी समस्याएं



**गन्नौर।** एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन बड़ी कार्यालय में मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एचएसआइआइडीसी बड़ी के संपदा अधिकारी ऋषि चौहान व वरिष्ठ प्रबंधक जसबीर देशवाल भी उपस्थित हुए।एसोसिएशन के प्रधान नवीन शर्मा व महासचिव हरप्रीत सिंह सहित बाकी सदस्यों ने संपदा अधिकारी व वरिष्ठ प्रबंधक को बुके भेंट करते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी। संपदा अधिकारी ने उद्योगपतियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी।

### त्रिलोकचंद सलाहकार समिति के सदस्य बने



**गन्नौर।** रेलवे बोर्ड के निदेशों के अनुसार राजलू गढ़ी गांव के त्रिलोकचंद शर्मा को गन्नौर रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र में आदेश दिए है कि रेल यात्रियों के बेहतर प्रतिनिधित्व को सुरक्षित करने और रेलवे द्वारा जमीनी स्तर पर प्रदान की जाने वाली सेवाओं व सुविधाओं से संबंधित मामलों पर रेलवे प्रशासन और उपयोगकताअरं के बीच परामर्श के अधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से स्टेशन स्तर पर स्टेशन सलाहकार समिति का गठन किया गया है। नियुक्ति पर मुख्यमंत्री , प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, राई विधायक मोहनलाल बड़ौली, जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा का आभार व्यक्त किया है।

### कलश यात्रा के साथ भगत माल की कथा का शुभारंभ



**गोहाना।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स प्राइमरी स्कूल में राधा रानी महारानी बनभौरी मैया समिति के तत्वावधान में भगत माल की कथा प्रारंभ हो गई। भगत माल की कथा गोहाना में प्रथम बार हो रही है। इस कथा का शुभारंभ 251 सुहागिन नारियों की कलशयात्रा के साथ हुआ।

कलश यात्रा के मुख्य अतिथि सोनीपत मार्कीट कमेटी के पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया रहे। उन्होंने कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाई।

### नौकरी के बहाने 50 लाख ठगने वाला धरा

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की जगतपुरी पुलिस ने इंडिगो एयरलाइंस के एक पूर्व कर्मचारी को ठगी के आरोप में अरेस्ट किया है। इस पर एयरलाइन में नौकरी दिलाने के बहाने एक परिवार से 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। आरोपी का नाम इशू वर्मा उर्फ राहुल सक्सेना (29) है। डीसीपी शाहदरा रोहित मीना के मुताबिक गत महीने की 31 तारीख को इस मामले की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता जगतपुरी निवासी शम्मी मेहरा (48) ने बताया कि उसके दो बच्चे टीशा और नितिन मेहरा हैं। जून 2023 में उनकी बेटी टीशा ने नौकरी खोजने के लिए इनडीडी एप पर अपनी प्रोफाइल बनाई थी। उनकी बेटी से मोबाइल पर संपर्क किया और उन्हें इंडिगो एयरलाइंस में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी की पेशकश की थी।

## गांव कैलाना व पीरगढ़ी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# लोगों को दिलवाई विकसित भारत के संकल्प की शपथ

### विधायक निर्मल चौधरी ने कैलाना में जनसंवाद कार्यक्रमों का किया शुभारंभ


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

समाज के अंतिम व्यक्ति तक केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं को हर सभी पात्र लोगों के घर द्वारा पर लाभ पहुंचाने के लिए विकसित संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव कैलाना तथा पीरगढ़ी पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। संकल्प यात्रा के तहत गांव कैलाना में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक निर्मल चौधरी ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। विधायक ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाना है। विधायक ने कहा कि सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते पंक्ति में आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी।

कार्यक्रम में विधायक निर्मल चौधरी ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पात्र ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उसके इलाज का खर्च सरकार द्वारा दिया जाएगा। विधायक ने गर्भवती महिलाओं को फल भी वितरित किए।



विधायक निर्मल चौधरी संकल्प यात्रा में छात्राओं को सम्मानित करते हुए।



**गोहाना।** विकसित भारत निर्माण की शपथ दिलाते चेयरपर्सन सुशीला शर्मा व अन्य गणमान्य व्यक्ति। *फोटो : हरिभूमि*

### देश-प्रदेश में शुरू हुआ व्यवस्था परिवर्तन का दौर : चेयरमैन

गांव पीरगढ़ी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि गन्नौर नगर पालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## अंत्योदय भारत का सपना साकार कर रही यात्रा

- पात्र तक लाभ पहुंचाने के लिए गांव ढुराना व शामड़ी सिसान पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यममंत्री मनोहर लाल की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देने की गारंटी के साथ ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव ढुराना तथा शामड़ी सिसान पहुंची। यात्रा में लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देते जागरूक किया गया। दोनों गांवों में जनसंवाद कार्यक्रमों का शुभारंभ मुंडलाना ब्लॉक की चेयरपर्सन सुशीला शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि किया। चेयरपर्सन सुशीला शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई राष्ट्रव्यापी ह्यविकसित भारत-संकल्प यात्राह्न के माध्यम से ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्न भारत व अंत्योदयह्न का सपना साकार हो रहा है। यह कार्यक्रम जरूरतमंद व विभिन्न योजनाओं के पात्र लोगों के लिए मददगार साबित हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों को सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से योजनाओं के लाभार्थियों का फीडबैक भी लिया जा रहा है। इस मौके पर हरियाणा किसान मार्चा के उपाध्यक्ष फूल खरब, सुधीर मलिक, राजकुमार शर्मा, रणधीर लठवाल, एसईपीओ राजकुमार, गांव ढुराना की सरपंच सुनील, गांव शामड़ी सिसान की सरपंच सुरेखा देवी तथा तेजवीर आदि मौजूद रहे।



**खरखौदा।** कार्यक्रम में लगाई स्टालों का अवलोकन करते मोनिका दहिया व मीना नरवाल। *फोटो :हरिभूमि*

## सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही : मोनिका

- जिला परिषद चेयरपर्सन ने दिलाई विकसित भारत संकल्प की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को खरखौदा क्षेत्र के गांव पीपली तथा बरोणा में पहुंची। जहां ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने सभी लाभार्थियों से सीधा संवाद किया और उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई। चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के हित में नई-नई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है, जिनका जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। योजनाओं के ऑनलाइन होने से अब घर बैठे ही लोगों के काम हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल निरंतर जनहित के कार्यों के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा में पहुंच कर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करके लाभ उठाएं। इस यात्रा के दौरान सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाई जा रही हैं और लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। यात्रा के दौरान कई लोगों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में चेयरपर्सन ने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तथा प्रोपर्टी कार्ड वितरित किए। गर्भवती महिलाओं को फल भी वितरित किए गए। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद नेहरा, पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, खरखौदा ब्लॉक समिति के चेयरमैन सितेन्द्र दहिया, बीडीपीओ दीपिका शर्मा, गांव पीपली की सरपंच सोनिया, गांव बरोणा की सरपंच गीता सहित अनेक विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## बच्चों को एनएसएस का महत्व बताया

- प्रताप सिंह मैमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रताप सिंह मैमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में एनएसएस वार्षिक कैंप 1 जनवरी से 7 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। दूसरे दिन का कैंप का शुभारंभ करते हुए द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बच्चों को एनएसएस के महत्त्व को समझाते हुए कहा कि निस्वार्थ सेवा ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से राष्ट्र की सेवा कर राष्ट्र उत्थान में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को चरित्रवान बनने, नशे से दूर रहने, प्रतिदिन व्यायाम करने, माता-पिता व गुरू की आज्ञा का पालन करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्या दया दहिया ने एनएसएस स्वयंसेवकों को आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा जारी संदेश आत्मनिर्भर भारत के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमने सामाजिक, आर्थिक, वैचारिक रूप से आत्म निर्भर बनकर जीवन में पूरे उत्साह से कार्य करना चाहिए। एनएसएस स्वयंसेवकों ने बड़े ही उत्साह से कैंप में भाग लिया और द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया द्वारा बताई बातों को जीवन में आत्मसात करने का आश्वासन दिया। डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया व पीओ फूलकंवार भी उपस्थित रहे।



**खरखौदा।** स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया।

### ठेकेदार भड़के, धरना देने की चेतावनी दी

**गोहाना।** नगर परिषद गोहाना में लगभग डेढ़ साल पहले पूरे कर चुके विकासकार्यों का ठेकेदारों को अब तक भुगतान नहीं किया गया है। मंगलवार को ठेकेदार भड़क गए और नगर परिषद कार्यालय में कार्यालय में रोष व्यक्त किया। ठेकेदारों ने चेतावनी दी कि एक सप्ताह में भुगतान न होने पर वे धरना शुरू कर देंगे। नगर परिषद गोहाना ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष जयवीर कौशिक ने कहा कि नगर परिषद ने टेंडर के माध्यम से लगभग दो वर्ष पहले विकासकार्य करवाए थे। ठेकेदारों द्वारा विकासकार्य पूरे हुए लगभग डेढ़ साल बीत चुका है। अब उन कार्यों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। ठेकेदारों ने अपनी जेब से रुपये खर्च करके काम पूरे करवाए थे। नगर परिषद के अधिकारियों से संपर्क करते हैं तो मुख्यालय से बजट न आने की बात कह दी जाती है। ठेकेदार ने कहा कि कुछ ठेकेदारों ने ब्याज पर रुपये लेकर काम करवाया था। ठेकेदारों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार मुख्यमंत्री कार्यालय और प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार पत्र लिख चुके हैं जिसके बावजूद समाधान नहीं हुआ।

## जरूरतमंदों को कम्बल वितरित

- स्वर्गीय लाला अशोक जैन की प्रथम पुण्य तिथि के उपलक्ष्य वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पुरानी अनाज मंडी में स्वर्गीय लाला अशोक जैन की प्रथम पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। कम्बल वितरण कार्य करने पर स्वर्गीय अशोक जैन के बेटे सन्नत जैन, विनय जैन, सौरभ जैन द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। व्यवस्था में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन गन्नौर, जन कल्याण समिति ने सहयोग किया। संदीप सिंघल ने बताया कि कई दिनों से क्षेत्र में घूम घूमकर गरीब, बेसहारा व दिव्यांग लोगों की सूची तैयार की गइ, उसके बाद कम्बल वितरण किए गए है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करने से एक अलग प्रकार की ऊर्जा मिलती है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि आज स्वर्गीय लाला अशोक जैन की पुण्य तिथि में कम्बल का वितरण कर परिवार ने सराहनीय काम किया है। इस कार्य से असहाय लोगों को कड़ाके की ठंड से निजात मिलेगी। उन्होंने अन्य समाज सेवियों से इस तरह के कामों में आगे आने की बात कही। इस मौके पर अग्रवाल समाज की तरफ राजकुमार अग्रवाल, डा. भूपेन्द्र कूकरेजा के अलावा शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।





प्रथम पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करते हुए।



**सोनीपत।** यात्रा के दौरान मौजूद कॉलोनी की महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*

### ढोल-नगाड़ों के साथ वैष्णों माता धाम तक पहुंचा अक्षत कलश

**सोनीपत।** बहालगढ़ रोड पर स्थित सिद्धार्थ कॉलोनी के माता वैष्णो धाम में मंगलवार को बालाजी धाम से वैष्णो धाम तक अक्षत शोभा यात्रा निकाली गई। सभी भक्तों ने बढ़-चढ़कर कलश शोभा यात्रा में भाग लिया। ढोल नगाड़ों के साथ वैष्णो माता धाम तक अक्षत कलश पहुंचा। कॉलोनी की सभी महिला मंडली रास्ते में श्रीराम के जयकारे लगाते झूम रही थी। राम मंदिर का निर्माण पूरा होने से लोगों में भक्ति की लहर दौड़ रही है। मंदिर में पहुंचने के बाद आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। पुजारी प्रमोद शर्मा ने कहा कि अक्षत यात्रा में जाने का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता। ऐसी यात्राओं में जाने से मन को शांति एवं मनोकामनाएं पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि समस्त कॉलोनी में अयोध्या से आए अक्षत बटवाएं जाएंगे। यह अक्षत उसके प्रतीक होता है कि राम ने सभी देशवासियों को अयोध्या में बुलाया है। वही राम का नाम लेने मन को शांति मिलती है। इसमें मंदिर के प्रधान डा. जेपी अग्रवाल, पूनम खत्री, लोकेश कौशिक, बीना पांडे, नीरज शर्मा का सहयोग रहा। इस दौरान कॉलोनी की सभी महिलाएं मौजूद रही।

## शिविर में 155 की जांच की

- सोनीपत की अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी में शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत की अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया। जिसमें की गुरुग्राम इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय से डॉक्टरों की टीम अग्रसेन समिति के सौजन्य से बुलाई गई थी। जिसमें की आम जनता अपनी आंखों का चेकअप बिना किसी शुल्क के करवाया। इसमें से 20 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। जिनमें से सभी को आज टीम के साथ ऑपरेशन के लिए भेजा गया। जिनको कोई अन्य बीमारी थी तो उनको फ्री मे दवाइयां दी गई, इस कैंप मे पूर्णता फ्री इलाज किया जाता है। जिन वृद्धों को दवाइयों और अन्य किसी चीज की आवश्यकता होती है। उनको बिना किसी शुल्क के प्रदान किया जाता है। जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त मे चश्मे का प्रबंध संजय मक्कड़ द्वारा किया गया है, इस कैम्प मे मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच मुफ्त मे की गई, प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया की हर महीने के पहले मंगलवार को यह कैम्प लगाया जायेगा, संजय सिंगला ने बताया की आज इस कैंप मे 155 मरीजों ने जांच करवाई, जिसमें महाराजा अग्रसेन समिति के सदस्य सभी एकजुट होकर आम जनता की सेवा करते है और महीने के पहले मंगलवार को नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया जाता है।



**सोनीपत।** कैंप में उपचार के लिए पहुंचे बुजुर्ग। *फोटो :हरिभूमि*

### फिम्स में पहली बार आधुनिक तकनीक से वृद्ध महिला की हुई सफल इन्ट्रा-वेसक्यूलर लिथोट्रिप्सी



**सोनीपत।** फिम्स के कार्डियोलाजिस्ट डा. मयंक गोयल व वृद्ध महिला का उपचार करती हूई फिम्स के डाक्टरो की टीम और वृद्ध महिला रोगी संतोष कुमारी का चित्र।

**सोनीपत।** इस जिला के गॉव जठेडी की 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला संतोष कुमारी पत्नी श्री कर्ण सिंह को आपात स्थिति मे परिजन फिम्स अस्पताल में लाये। पता चला कि वृद्ध महिला कैंसर व दिल की बिमारी से ग्रस्त है और इस रोगी को पहले से ही नसों मे छल्ले डले हुए हैं। रोगी की छाती मे जो भंयकर दर्द उठा था, वो हार्ट अटैक का ईशारा दे रहा था। अस्पताल में सबसे पहले रोगी की स्थिति को स्थिर किया गया। मरीज की एन्जियोग्राफी की गई, जिसमे पाया गया कि मरीज को पहले से डले हुए छल्ले मे कैल्शियम जम गया है। जिस कारण स्टंट के उपर से दिल की तरफ खून को ले जाने वाली मुख्य नस ब्लॉक थी। साथ ही मरीज की दूसरी मुख्य धमनी भी 90 प्रतिशत बन्द थी। चूंकि मरीज की उम्र और कमजोरी ज्यादा थी, इस कारण से उसका बाई-पास नही किया जा सकता था। साथ ही, मरीज की नसों मे कैल्शियम भी जमा हुआ था, ऐसे मे एन्जियोप्लास्टी या छल्ला भी नही डाला जा सकता था। इस केस मे अनेक जटिलताओं के चलते, बिना कोई समय गंवाए, फिम्स अस्पताल के हृदय रोग विभाग के डाक्टरों की टीम ने परस्पर गहण विचार- विमर्श करके एक नयी विधि को अपनाने का निर्णय लिया। योजना अनुसार, पहले नस के अन्दर के कैल्शियम को एक मशीन से शॉक वेव्स देकर तोडा जाए। इस प्रक्रिया को इन्ट्रा-वेसक्यूलर लिथोट्रिप्सी कहते है। उल्लेखनीय व ध्यान देने योग्य है कि इस तकनीक का उपयोग आमतौर पर किडनी की पत्थरी को तोडने मे किया जाता है। परन्तु इस तकनीक का उपयोग दिल की तरफ जाने वाली मुख्य नस में जमे कैल्शियम को तोडने मे करना असाधारण प्रयोग था, जो ईश्वर की कृपा, डाक्टरी दक्षता व फिम्स प्रबन्धन द्वारा अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता के कारण शत प्रतिशत सफल रहा।

## सोनीपत जिले में अब तक 190 शोभा यात्रा निकल चुकी

# चार चरणों में होगा श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के 4 चरणों में आयोजित होगा। यह समारोह 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होगा, जिसे लेकर पूरे देश व प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सह-संयोजक अशोक ने बताया कि प्रथम चरण की शोभा यात्रा हो चुकी है। सोनीपत जिले में 190 शोभा यात्रा निकल चुकी हैं। दूसरे चरण में एक राम का चित्र, निमंत्रण पत्र व अक्षत के साथ घर-घर निमंत्रण देगें। तीसरा चरण 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा का रहेगा, जिसमें अपने आस-पास के मदिरों को अयोध्या का भव्य मंदिर मानकर प्रत्येक मंदिर में भजन, हवन, अखण्ड पाठ व कीर्तन करना होगा। चौथा चरण अयोध्या दर्शन का होगा, जोकि 9 व 10 फरवरी का है, जिसमें हरियाणा को अयोध्या दर्शन का निमंत्रण आया है। इसके तहत दर्शन के लिए भी योजना बनाएंगे। डॉ. मनोज शर्मा, गोहाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य, अधिवक्ता रजनीश मलिक, कुलदीप, महेन्द्र व प्राचार्य अश्वनी कुमार मौजूद रहे।



जानकारी देते विहिप के प्रतिनिधि अशोक, डॉ. मनोज शर्मा साथ में अन्य।



**खरखौदा।** अक्षत कलश ग्रहण करते भाजपा नेता प्रीतम खोखर। *फोटो :हरिभूमि*

**ग्रामीणों ने थाना कलां में निकाली अक्षत कलश यात्रा** खरखौदा। श्रीराम मंदिर उद्घाटन के निमंत्रण के लिए अयोध्या से आए अक्षत खरखौदा क्षेत्र के गांव थाना कलां पहुंचे। जिन्हें स्वीकार करते हुए ग्रामीणों ने एकत्रित होकर अक्षत यात्रा निकाली। जिसकी अगुवाई भाजपा नेता प्रीतम खोखर ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अक्षत कलश को गांव के राम मंदिर में स्थापित किया गया है। मंगलवार को गाँव में पहुँचे अक्षत का बड़े हर्षोल्लास उल्लास के साथ स्वागत किया गया है। प्रीतम खोखर ने ग्रामीणों से अपील की है कि 22 जनवरी तक गाँव के राम मंदिर में लगातार धार्मिक अनुष्ठान करते रहें। अयोध्या से जो अक्षत कलश आया है गाँव थाना कलां में उसे लेकर प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें मास्टर अशोक, मास्टर जितेंद्र, रोहित राठौर थाना कला, अमित बिंदल, सुनील पंडित, अमित, सरपंच आशीष दहिया, व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## पॉक्सो पीड़ित बच्चों की शिक्षा सुचारू रखने के लिए करें हर प्रयास : मनोज

**सोनीपत।** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के पीड़ितों की शिक्षा नहीं छूटनी चाहिए। इसके लिए पीड़ितों और उनके अभिभावकों को जागरूक करें। साथ ही शिक्षा जारी रखने के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। विशेष रूप से बच्चियों की शिक्षा को जारी रखा जाए। लघु सचिवालय में मंगलवार को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया, अध्यक्षता डीसी डा. मनोज कुमार कर रहे थे। डीसी ने पॉक्सो पीड़ित बालक-बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष रूप से बल दिया।

### सूचना

मैं, श्रीमती राकेश देवी पत्नी स्वर्गीय मुकेश कुमार निवासी मकान नं. 156, गांव जठेड़ी, उपतहसील राई, जिला सोनीपत, हरियाणा 131029 बयान करती हूं कि मेरी पुत्री ज्योति की दसवीं व बारहवीं कक्षा की मार्कशीट में मेरा नाम राकेश लिखा हुआ है। मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम राकेश देवी दर्ज है। राकेश देवी और राकेश ये दोनों नाम एक ही महिला यानी मेरे ही हैं।

## खबर संक्षेप




### सॉफ्ट टेनिस में प्रिंस खरब ने जीता सिल्वर

**सोनीपत।** 26 दिसंबर 2023 से 30 दिसंबर 2023 तक तमिलनाडु के वेल्लूर में आयोजित सब-जूनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के होनहार खिलाड़ी प्रिंस खरब बने। हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मध्य प्रदेश की टीम से 2-4-2-4 के स्कोर से खेलते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में भी खिलाड़ी प्रिंसी, हर्षिता, एंजल्स, वैष्णवी ने क्वार्टर फाइनल तक खेला।



### प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत में 2 जनवरी 2024 में महाविद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन डा. नरेश कुमार द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 10 विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए गए। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय महिला महाविद्यालय के प्रिंसिपल दिलबाग सिंह जाखड़ ने किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि 24 जनवरी को पंडित नेकी राम राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है।

### सट्टा लगवाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** फरमाना गांव में सरेआम सट्टा लगवाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव की ब्राह्मण वाली चौपाल के पास एक युवक सट्टा लगवाने का काम कर रहा है। पुलिस ने एक टीम गठित करके मौके पर जाकर जांच की, तो युवक सट्टा लगवाने का काम कर रहा था। पुलिस ने अपनी टीम के एक सदस्य को 10 रुपए का नोट देकर सट्टा लगाने के लिए भेजा।

### चालक हड़ताल: सहकारिता समिति बस संचालकों व किलोमीटर स्कीम के तहत तैनात कर्मचारियों में कहासुनी

# केंद्र सरकार द्वारा परित कानून के विरोध में सड़कों पर चालक

- बस चलाने को लेकर दोनों पक्षों में होती रही तू-तू मैं-मैं, बिना लाइसेंस के बस चलाने का लगाया आरोप
- उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व राजस्थान के रूटों पर नहीं भेजी गई बसें, यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्र सरकार के हिट एंड रन को लेकर बनाए गए नए कानून को लेकर लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी चालक हड़ताल पर रहे। बस अड्डे पहुंचे यात्री बसों के लिए भटकते रहे। हालांकि पहले दिन के मुकाबले दूसरे दिन मिला जुला असर देखने को मिला। किलोमीटर स्कीम के तहत चलने वाली बसों के चालक हड़ताल में शामिल होकर सरकार के खिलाफ नारे लगाते दिखे। जबकि परिवहन समितियों की कुछ बसें सड़कों पर दौड़ती नजर आई। किलोमीटर स्कीम की बसें नहीं चलने से लंबे रूटों सहित कई लोकल रूटों पर भी परिवहन सेवाएं बाधित रही, जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी।

बता दें कि केंद्र सरकार की तरफ से बनाए गए इस नए कानून से चालक वर्ग में रोष बना हुआ है। किलोमीटर स्कीम, परिवहन समितियों की बसों के चालक, ट्रक, वैन व ऑटो चालक भी इसका विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को बस अड्डा गेट पर किलोमीटर स्कीम व परिवहन समिति बस चालकों ने नारेबाजी करते हुए इस कानून को वापस लेने की मांग की। रोष जता रहे चालकों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नही हो जाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। सोनीपत बस डिपो में दोपहर तक महज 38 बसें ही विभिन्न रूटों पर उतर पाई। सोनीपत से पानीपत, करनाल, अंबाला, चंडीगढ़, बहादुरगढ़, रोहतक रूटों पर बस सेवाएं प्रभावित रही। लोकल रूटों पर भी कुछ इसी प्रकार के हालात बने रहे। ऐसे में बस यात्रियों को काफी देर तक बसों का इंतजार करना पड़ा।

**राजस्थान, यूपी सहित उत्तराखंड रूट रहे बंद:** हिट एंड रन को लेकर बनाए गए नए कानून के विरोध में चालकों की राष्ट्रीय स्तर पर हड़ताल के कारण सोनीपत बस डिपो से उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड प्रदेशों के कई रूट बंद रहे। जिसमें हरिद्वार, बड़ौत, बागपत, मेरठ, देहरादून रूट शामिल है। जयपुर रूट पर भी बसों के संचालन में रोडवेज को परेशानी झेलनी पड़ी। जबकि बड़ौत रूट पर चलने वाली बसों का गौरीपुर तक ही परिचालन किया गया। सोनीपत डिपो से देहरादून एक, हरिद्वार व मेरठ दो-दो और बड़ौत रूट पर पांच बसें चलती हैं।केंद्र सरकार के हिट एंड रन को लेकर बनाए गए नए कानून को लेकर लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी चालक हड़ताल पर रहे। बस अड्डे पहुंचे यात्री बसों के लिए भटकते रहे। हालांकि पहले दिन के मुकाबले दूसरे दिन मिला जुला असर देखने को मिला।

इस दौरान यात्रियों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। बसें न चलने के कारण यात्री अन्य साधनों को तलाशते दिखाई दिए दिनभर गहमागहमी का माहौल रहा।



सोनीपत। निजी बस को रोकने का प्रयास करते चालक। फोटो: हरिभूमि



सोनीपत। बस स्टैंड पर खड़ी रोडवेज की बसे। फोटो: हरिभूमि

### रोडवेज कर्मचारी दो घंटे करेंगे प्रदर्शन

*हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा के आह्वान पर सोनीपत बस डिपो में रोडवेज कर्मचारी भी बुधवार को नए कानून के विरोध में दो घंटे का सांकेतिक धरना प्रदर्शन करेंगे। सुबह 11 बजे से दोपहर बाद एक बजे तक रोडवेज के चालक भी हड़ताल में शामिल होंगे। ऐसे में बुधवार को यात्रियों के लिए और अधिक परेशानी बढ़ने वाली है।*

### चालकों में तू-तू मैं-मैं, बस को रोकने का प्रयास-

जिले में किलो मीटर स्कीम के तहत तैनात चालक हड़ताल पर रहे। पहले दिन समर्थन में उतरे सहकारिता समिति की बस संचालकों का दूसरे दिन सब्र टूट गया। बस संचालकों ने बस परिसर से यात्रियों को भरना शुरू कर दिया, देखते ही देखते निजी बस संचालक अपनी-अपनी बसों को रूटों पर लेकर परिचालन शुरू करने लगे। किलो मीटर स्कीम के तहत धरने पर बैठे चालकों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन अनसुनी करके बसों के परिचालन को शुरू कर दिया।


निजी बस को रोकने का प्रयास करते चालक। फोटो: हरिभूमि

### बोले अधिकारी

किलोमीटर स्कीम के तहत काम करने वाले चालक नए कानून के विरोध में हड़ताल पर रहे। जिसके कारण किलोमीटर स्कीम के तहत चलने वाली बसें बंद रही। पहले दिन के मुकाबले मंगलवार को परिवहन समितियों की कुछ बसें चली हैं। यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा देने का प्रयास किया गया है। जिस भी रूट पर यात्रियों की संख्या अधिक होती है, उसी रूट पर बस को रवाना किया जा रहा है।

**राहुल जैन, महाप्रबंधक,** रोडवेज डिपो, सोनीपत।

## जीवीएम की प्राची राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की पीपीपी स्पर्धा में रही अव्वल

- राष्ट्रीय युवा महोत्सव में लेंगी हिस्सा, प्रधान डा. परूथी व प्राचार्या ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

इंद्रधनुष ऑडिटोरियम पंचकुला में संपन्न हुए राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन (पीपीपी) स्पर्धा में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्रा प्राची अव्वल रही है, जिन्हें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने प्राची को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए शुभकामनाएं दी। युवा महोत्सव की संयोजक प्राध्यापिकाओं रोहिनी मदान व अर्चना खुराना ने बताया कि जिला स्तर पर सफल प्रदर्शन करने पर जीवीएम की बीएससी मेडिकल अंतिम वर्ष की छात्रा प्राची को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए चुना गया। प्राध्यापिका प्रियंका के साथ प्राची राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेने गई। प्राची ने प्रदेश स्तर पर भी आशाओं के अनुरूप सफल प्रदर्शन किया। प्राची ने इंप्रूविंग मिलेट्स प्रोडक्शन थ्रू साइंस विषय पर अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें उन्हें प्रथम स्थान मिला। प्राची को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। राष्ट्रीय स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन महाराष्ट्र (नासिक) में 12 जनवरी से प्रारंभ होगा। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने प्राची का स्वागत किया।


फोटो केप्सन 2 एसएनएपी 3 : छात्रा का स्वागत करते कॉलेज स्टाफ।

## वीएलडीए कर्मियों में सरकार के खिलाफ भारी रोष

- 4 फरवरी को रोहतक में होने वाली सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की आक्रोश रैली में लेंगे बढ़ चढ़कर हिस्सा
- सम्मेलन आयोजित कर किया जिला कमेटी का गठन, बिजेंद्र दुहन प्रधान व मोहन पाराशर सचिव के पद पर निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वीएलडीए कर्मियों एवं पशुपालकों की विभिन्न मांगों की अधिसूचना जारी करवाने को लेकर डिप्लोमा वैटरनरी एसोसिएशन हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा जून, 2022 से अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पंचकुला के सेक्टर पांच में पिछले 567 दिनों से रोष स्वरूप धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत मांगों की अधिसूचना जारी नहीं करने से प्रदेश भर के हजारों वीएलडीए कर्मियों में सरकार के खिलाफ रोष लगातार बढ़ता जा रहा है इसलिए आंदोलन को तेज करने के लिए जिला सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके अन्तर्गत गोहाना रोड़ स्थित सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में जिले का सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें जिले के वीएलडीए वबीएलईओ कर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । जिला कमेटी का गठन करते हुए बिजेंद्र दुहन को प्रधान, मोहन पाराशर को सचिव, राजेश शर्मा को वरिष्ठ उप प्रधान, रमेश कुमार को कैशियर, सुशील धनखड़ को मुख्य सलाहकार, प्रवेश दहिया को संगठन सचिव एवं सुरेन्द्र मलिक को आडिटर के पदों पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस दौरान चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव बिजेंद्र चहल, हरियाणा गर्वपीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन -41 के राज्य उप महासचिव सीलक राम मलिक, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान देशराज नैन व जिला कैशियर राजीव खत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पुरानी पेंशन लागू करवाने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, निजीकरण पर रोक लगाने सहित अन्य मांगों को लेकर रोहतक में आयोजित होने वाली सर्व कर्मचारी संघ की रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सरकार ने आंदोलन की प्रमुख मांगों की अधिसूचना जारी नहीं की तो एसोसिएशन आंदोलन को और तेज करते हुए गांव स्तर तक लेकर जाएगी।



सोनीपत। रोष-प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### स्टेट चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम विजेता

**गोहाना।** रोलर सकते बास्केटबॉल की छठी नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम विजेता बनी। अंडर-11 के आयु वर्ग में विजेता बनी इस टीम के दो बाल खिलाड़ी शहर की पंजाबी कॉलोनी के दो पड़ोसी बच्चे हैं। ये बच्चे नालंदा इंटरनेशनल स्कूल के छात्र मेहुल बत्रा और दून पब्लिक स्कूल के आयुष्मान अरोड़ा हैं। छठी नेशनल रोलर सकते बास्केटबॉल चैम्पियनशिप 28 दिसंबर से 31 दिसंबर तक गुजरात के सूरत शहर में आयोजित हुई। अंडर-11 के फाइनल मैच में हरियाणा की टीम ने तमिलनाडु की टीम को 1-0 से परास्त कर दिया तथा चैंपियनशिप की विजेता बन गई। इस विजेता टीम के दो खिलाड़ी गोहाना शहर के नालंदा इंटरनेशनल स्कूल के मेहुल बत्रा और दून पब्लिक स्कूल के आयुष्मान अरोड़ा हैं। दोनों बच्चे अपने-अपने स्कूल में कक्षा 5 के छात्र हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## 6 से होगी शुरू होगा बास्केटबॉल प्रतियोगिता का महासमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल में 6 जनवरी से अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ होंगी। प्रतियोगिता में देश के टॉप 16 विश्वविद्यालय की टीम भाग लेंगी। कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह ने 6 जनवरी से प्रारंभ होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता की तैयारियों का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो. सिंह ने प्रतियोगिता को लेकर सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पारदर्शिता व निष्पक्ष प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है। यही कारण है कि विश्वविद्यालय लगातार चौथी अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन करा रहा है। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। देश भर की टॉप 16 विश्वविद्यालय की टीम प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जिसमें 192 महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। सफल आयोजन के कारण विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन के लिए जाना जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन डा. सुब्रमण्यम एरिना में 6 से 10 जनवरी तक किया जाएगा। एरिना में बास्केटबॉल के चार कोर्ट हैं। जिसमें से दो कोर्ट पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, शेष दो बास्केटबॉल कोर्ट अभ्यास के लिए हैं।इसलिए प्रतियोगिता का आयोजन देर रात तक भी किया जा सकता है। प्रतियोगिता के आयोजक सचिव व विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा.बिरेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र से चार टॉप टीम प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

### ये है शैड्यूल

**उत्तर क्षेत्र**
1 जीएनडीयू, अमृतसर
2 पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
3 एलपीयू,फगवाड़ा
4 कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

**दक्षिण क्षेत्र**
1 जैन विश्वविद्यालय, बेंगलुरु
2 मद्रास विश्वविद्यालय
3 हिंदुस्तान विश्वविद्यालय, चेन्नई
4 एसआरएमआईएसटी, चेन्नई

**पूर्व क्षेत्र**
1 बनारस विश्वविद्यालय, वाराणसी
2 कलकता विश्वविद्यालय
3 महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ , वाराणसी
4 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मेघालय

**पश्चिम क्षेत्र**
1 आईटीएम, ग्वालियर
2 एलएनआईपीई, ग्वालियर
3 एमजीएम, बीकानेर
4 आरडीवीवी, जबलपुर


सोनीपत। ग्राउंड का जायजा लेते विवि के अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### अयोध्या से आए अक्षत को घर-घर मे पहुंचाया जाएगा

**गोहाना।** भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत को गोहाना के घर-घर में पहुंचाया जाएगा। मंगलवार ो यह जानकारी श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के गोहाना नगर सयोजक कुलदीप कौशिक ने दी। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होगा। इसी उपलक्ष्य में अयोध्या से अक्षत लाया गया है। इस अक्षत को गोहाना में घर-घर में पहुंचाया जाएगा। इसके लिए पूरे गोहाना को 11 बस्तियों में बांटा गया है। मंगलवार को अक्षत वितरण कार्य शुरू भी हो चुका है।

### मातंड में दो चौपालों का हुआ उद्घाटन

**सोनीपत।** सांसद रमेश कौशिक 03 दिसम्बर को विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर उद्घाटन के साथ—साथ लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इस दौरान सांसद रमेश कौशिक पुलिस विभाग को मिली बाईकों व गाड़ियों को हरी झंडी दिखाने उपरांत प्रातः 11 बजे गोहाना सिंचाई विभाग विश्राम गृह में विभिन्न विषयों पर प्रेस वार्ता करेंगे। इसके बार गांव गंगाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे। इस उपरांत गांव मातंड में दो चौपालों का उद्धाटन व गांव बिचपड़ी में चार खेतों के रास्तों का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान वे ग्रामीणों के साथ जनसंवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। और मौके पर भी निस्तारण किया जाएगा।

### हर प्रकार के शोषण से बच्चों के संरक्षण के लिए उपलब्ध है पोक्सो एक्ट

## प्राचार्यों को पोक्स एक्ट के प्रति किया जागरूक

- महिलाओं को एक सुरक्षित, संरक्षित और सक्षम वातावरण प्रदान करने के लिए बनाया गया पोस अधिनियम 2013

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को जिला के स्कूल प्रिंसिपलों को पोक्सो तथा यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम(पोस) के प्रति जागरूक करने के लिए मॉडल टाउन स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभाग की सीडीपीओ गीता गहलावत ने बताया कि बच्चों को हर प्रकार के शोषण से संरक्षण के लिए पोक्सो अधिनियम बनाया गया है, जिसके तहत शिकायत मिलने पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बच्चों के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई विशेष रूप से मौजूद है जो उन्हें हर प्रकार की विपरीत परिस्थितियों में मदद प्रदान करती है। 0-18 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों के लिए कार्यरत है। कोई भी बच्चा जिसे किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा हो तो वह अपनी शिकायत व समस्या के समाधान के लिए चाईल्ड हैल्पलाईन नंबर-1098 पर कॉल कर सकता है। सीडीपीओ गीता गहलावत ने यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम(पोस) के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को एक सुरक्षित, संरक्षित और सक्षम वातावरण प्रदान करने के लिए पोस अधिनियम 2013 बनाया गया, जिसके तहत किसी भी कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन अथवा शोषण की रोकथाम, निषेध और निवारण हेतु आंतरिक शिकायत समिति गठित की गई है। जो महिलाओं पर होने वाले शोषण से संबंधित शिकायतों का निपटान कर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्यवाही करता है।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रिंसिपल। फोटो: हरिभूमि